

HAMAR SUNDAR
BHILAI
I ♥ BHILAI
#BHILAIKIBHALAI

## रिकॉर्ड 45 हजार मतो के अंतर से जीत



# 11 जनवरी 2016 को सम्हाली थी महापौर पद की जिम्मेदारी

महापौर श्री देवेन्द्र यादव ने 11 जनवरी 2016 को लाल मैदान पावर हाउस में आयोजित एक भव्य समारोह में पद की शपथ ली थी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्कालीन अध्यक्ष श्री भूपेश बघेल, सांसद डॉ चरणदास महंत, सांसद श्री ताम्रध्वज साहू, नेता प्रतिपक्ष श्री रविन्द्र चौबे, दुर्ग शहर विधायक श्री अरुण वोरा, पूर्व विधायक श्री भजन सिंह निरंकारी, उनके बड़े भाई वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री धर्मेन्द्र यादव और शहर की जनता भारी संख्या में मौजूद थी। उन्होंने नगर पालिक निगम भिलाई के चौथे महापौर के रूप में पद की गरिमा और गोपनीयता की शपथ ली थी। शपथ ग्रहण समारोह में उनके साथ निगम के 70 में से 54 वार्ड पार्षदों ने भी शपथ ली थी। जिसमें कांग्रेस के 27 और भाजपा के 29 पार्षद शामिल थे।





# संपादकीय....

## जब शक्ति मिलती है तो जिम्मेदारियां भी बढ़ती है निभाने वाला ही बनता है

# सफल जननेता

व्यक्ति को जितनी अधिक शक्ति मिलती है,उतनी ही अधिक उसकी जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती है। इस जिम्मेदारी को जो निभा लेता है वह सही मायने में जननेता होता है। इस उक्ति पर भिलाई महापौर श्री देवेन्द्र यादव अपने पांच वर्ष के कार्यकाल में पूरी तरह खरे उतरे और सफल जननेता की छवि बनाने में सफल रहे । उन्हें भिलाई की जनता ने 45 हजार मतों के भारी अंतर से निगम चुनाव में जीत दिलाई थी। शपथ ग्रहण समारोह लाल मैदान में आयोजित किया गया। इस दौरान विपक्ष ने तंज कसा था कि नेता तो सिर्फ वादे और घोषणा करना जानते हैं। पांच साल का कार्यकाल समाप्त हो जाता है, प्रस्ताव तैयार नहीं कर पाते। वादे और घोषणा कागजी कार्रवाई तक सिमट कर रह जाती है। पांच साल का कार्यकाल सड़क और नाली निर्माण से आगे नहीं बढ़ती। कार्यकाल समाप्त हो जाता है। वे कुछ नहीं कर पाते।



विपक्ष की इस बात को मुख्य अतिथि व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्कालीन अध्यक्ष, मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और पूर्व नेता प्रतिपक्ष और वर्तमान कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने सुन लिया। जब वह मंच पर गए तो उन्होंने कहा कि देवेन्द्र भिलाई की जनता को अपने काफी उम्मीदें हैं । जनता ने तुम्हें रिकॉर्ड 45 हजार मतों से विजयी बनाया है। 45 हजार मतों का आंकड़ा बहुत बड़ा है। जितना बड़ा आंकड़ा है, उतनी ही बड़ी शहर के विकास की जिम्मेदारी है। जिसे तुम्हें पूरा करना है। जिस पर महापौर देवेन्द्र ने वरिष्ठ नेताओं का आदर करते हुए बड़ी साफगोई से संकल्प लेते हुए कहा था कि भले ही मुझमें अनुभव की कमी है, लेकिन नीयत साफ है। भिलाई क्षेत्र के विकास और हित में जन भावनाओं के अनुरूप कार्य करूंगा। महापौर पद का पांच साल का कार्यकाल पूर्णता की ओर है। इस पूरे कार्यकाल में देवेन्द्र यादव ने अपने संकल्प को साकार करते हुए जनहित के कार्यों को प्राथमिकता दी और जनभावनाओं के अनुरूप कार्य किया। जिससे न केवल शहर की दशा बदली, बल्कि उनके कई निर्णय मील का पत्थर साबित हुए।

श्री देवेन्द्र यादव भिलाई निगम के ऐसे पहले महापौर साबित हुए जिन्होंने निगम क्षेत्र के हर मोहल्ले व गली के विकास पर ध्यान दिया। सफाई व्यवस्था को दुरूस्त कर भिलाई को प्रदेश का पहला खुले में शौच मुक्त शहर बनाया। बेहतर प्लानिंग और क्रियान्वयन से स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, खेल मैदान, पर्यावरण और जल संरक्षण के क्षेत्र में काम किया गया।

सादर,
तारचंद सिन्हा


| | | |
|---|---|---|
| कंटेंट | : | देवेश पाणिग्राही |
| पृष्ठ सज्जा | : | डिलेश्वर चंद्राकर, हिमांशु सोनवानी |



# निगम और जनता के बीच बनाया संवाद

बचपन से एक शब्द की गूंज सुनाई देती है और वह शब्द है विकास। यह शब्द सोचने पर विवश करती है कि विकास के संदर्भ में क्या समझा जाना चाहिए।शहर का विकास केवल सड़क,नाली तक सीमित नहीं होना चाहिए। क्योंकि जमीन सभी की आवश्यकताओं की पूर्ति करती है। जो किसी एक व्यक्ति के सोच से पूरा विकास नहीं कर सकती। इसलिए मैंने संकल्प लिया था कि मैं हर वार्ड के गली, मोहल्ले और जनता के दरवाजे पर जाऊंगा, जिन्होंने अपने गली मोहल्ले की समस्या का समाधान की उम्मीद के साथ मुझे अपना बहुमूल्य वोट दिया है।।

जनता से जुड़ने के लिए 'भिलाई के गोठ' कार्यक्रम के माध्यम से वार्डवासियों के बीच गया। नगर पालिक निगम प्रशासन और जनता के बीच दूरी बना हुआ था, उसे दूर करने का प्रयास किया। 'आपका देवेन्द्र आपके द्वार' कार्यक्रम के जरिए जनता से फेस टू फेस संवाद स्थापित कर वार्ड की समस्याओं को जानने की कोशिश की। इसका फायदा यह हुआ कि मुझे शहर की भौगोलिक स्थिति को जानने का मौका मिला। किसी कामकाज जो लोग मुझसे नहीं मिल पाते थे। उनसे मुलाकात हो गई। सुरक्षा और शांति व्यवस्था को वार्डों में काम करने वाली महिला कमांडो से भी जुड़ने का मौका मिला। उनके सवाल-जवाब, समस्या और सुझाव से स्वच्छता और पेयजल, शिक्षा, लोक स्वास्थ्य, पर्यावरण व जल संरक्षण, प्रदूषक तत्वों का उत्सर्जन करने वाले कचरे का निपटान यानी मानवीय विकास की रूपरेखा तय किया। पांच साल के कार्यकाल में सर्वोच्च प्राथमिकता दी।









# पहली बार भिलाई 1 लाख 10 हजार घरों को मिलेगा शिवनाथ का पानी

**फिल्टर प्लांट की क्षमता हुई दो गुनी**

**24 घंटे मिलेगा शुद्ध पानी**

जब मैं महापौर बना, तब टाउनशिप को छोड़कर शहर में 8 स्थानों पर पानी की टंकी थी। इन टंकियों से शहर के 48 फीसद आबादी तक शिवनाथ का पानी पहुंच पाता था। इस समस्या के समाधान के लिए 13 जुलाई 2016 को हुई महापौर परिषद की बैठक में चर्चा किया। 245 करोड़ की जल आवर्धन फेज-II के प्रस्ताव पर संकल्प पारित कर सामान्य सभा को भेजने का निर्णय लिया। 17 जुलाई को 2016 को सामान्य सभा हुई। जहां सदन ने अमृत मिशन योजना अंतर्गत फंड की स्वीकृति के लिए छत्तीसगढ़ शासन के माध्यम से राज्यसभा को भेजने का निर्णय लिया। केन्द्र सरकार से 30 मई 2017 को 24273.49 लाख रुपए की तकनीकी स्वीकृति मिली। इससे शहर में 12 स्थानों पर टंकियां बनाई गई। दो स्थानों पर 72 एमएलडी क्षमता का फिल्टर प्लांट तैयार किया गया। शिवनाथ नदी इंटेकवेल और पुराने 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट को अपग्रेड किया गया। इससे आने वाले 30 वर्षों तक शहरवासियों को पानी की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।





## भिलाई के लिए वरदान बना जलावर्धन

नगर पालिक निगम क्षेत्र में जल संशोधन की क्षमता पहले 77 एमएलडी नेहरू नगर और 2 एमएलडी हाउसिंग बोर्ड सहित कुल 79 एमएलडी थी। जो अब बढ़कर 147 एमएलडी हो गई है। अधोसंरचना मद से छावनी में 1.5 एमएलडी क्षमता का फिल्टर प्लांट बनाया गया है। अमृत मिशन के अंतर्गत नेहरू नगर में 66 और मोरिद में 6 एमएलडी फिल्टर प्लांट बनाया गया है। इस तरह से शहर में जल संशोधन संयंत्र की 147.5 एमएलडी की हो गई है।

#BHILAIKIBHALAI




### शिवनाथ नदी इंटेकवेल

शिवनाथ नदी इंटेकवेल को अपग्रेड किया गया है। इलेक्ट्रिकल एवं मेकेनिकल कार्य, 6 नग मोटर पंप, ट्रांसफार्मर, 77एमएलडी फिल्टर प्लांट में उच्च क्षमता के 6 नग मोटर पंप, पैनल स्थापित किया गया है।

### 12 स्थानों पर टंकी

सभी टंकियों में सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल, सुरक्षा गार्ड रूम का निर्माण किया गया। टंकियों का ब्यूटी फिकेशन और रंगरोगन का कार्य पूर्ण हो चुका है।

### डिजिटल मॉनिटरिंग

फिल्टर प्लांट के पंप हाउस की मानिटरिंग के लिए स्कॉडा सिस्टम और जीआईएस मैपिंग सिस्टम लगाई गई है। कान्फ्रेंस रूम बनाने का कार्य चल रहा है।

### 444 किमी.पाइप लाइन

41 किमी क्लीयर वाटर राइजिंग लाइन बिछाई गई है। टंकियों से घरों तक पानी आपूर्ति के लिए 447 किमी. पाइन लाइन बिछाई गई है।

### 50 हजार घरों में नल कनेक्शन

जल आवर्धन योजना फर्स्ट पेज के अंतर्गत 43 हजार 944 घरों में शिवनाथ के पानी को फिल्टर आपूर्ति किया जाता था। अब 50 580 घरों में नए नल कनेक्शन देने का लक्ष्य तय किया गया है। घरेलू 42605 में से 27457 घरों में नल कनेक्शन दिया जा चुका है।

7975 व्यावसायिक नल कनेक्शन के विरुद्ध 7840 व्यावसायिक नल कनेक्शन दिया जा चुका है।

**महापौर नल कनेक्शन योजना**

## 100 रुपए की किस्त में नया नल कनेक्शन...

अब करदाताओं को नल कनेक्शन लेने के लिए 6 हजार की जगह 5 हजार रुपए देने होंगे। वहीं गैर करदाता को कनेक्शन देने के लिए सिर्फ 2 हजार रुपए देने होंगे। लोगों को नए नल कनेक्शन का भार न पड़े इसके के लिए निगम ने किस्त की सुविधा शुरू की है। 100 से 250 रुपए महीने का किस्त देकर नल कनेक्शन ले सकते हैं। 20 महीने की किस्त में शुल्क जमा कर सकते हैं।



सार्वजनिक नलों से होने वाली पानी की बर्बादी को रोकने के लिए नई पॉलिसी बनाई है। 50 हजार नए घरों को रियायत में नल कनेक्शन देने का निर्णय लिया है।

# पहले जहां फेंकते थे कचरा
# वहां निगम ने बनाया उद्यान



भिलाई प्रदेश का पहला नगर पालिक निगम है। जिन्होंने पौधरोपण को अपनी नीति तय किया है। पौधे से पेड़ तैयार हो जाने के बाद एजेंसी को भुगतान किया। निगम प्रशासन ने इस नीति के तहत एजेंसी के माध्यम से जोन-4 वीर शिवाजी नगर वार्ड-34 में केनाल रोड के किनारे खुली पड़ी जमीन पर 2017-18 में करीब 5 हजार पौधे लगवाए थे। एजेंसी ने तीन साल तक पौधों का देखरेख किया। अब यह पौधे, पेड़ बन गए हैं। 2020 में पेड़ो की गिनती करने के बाद निगम प्रशासन ने बिल का भुगतान किया है।

- पांच साल में नगर पालिक निगम क्षेत्र में छोटे-बड़े 134 उद्यान विकसित किया गया।
- प्रदेश का पहला वर्टिकल गार्डन भिलाई निगम प्रशासन ने बनवाया। सेवन मिलियन चौक सेक्टर-5 में सेंट्रल एवेन्यू के किनारे निर्मित वर्टिकल गार्डन राहगीरों को सुंदरता के साथ भिलाई के प्रति स्नेह का संदेश दे रहा है।
- प्रदेश का पहला थिक गार्डन भी नगर पालिक निगम ने बनवाया है। जो केवल पांच साल में नगर पालिक निगम क्षेत्र में छोटे-बड़े 134 उद्यान विकसित किया गया- प्रदेश का पहला वर्टिकल गार्डन भिलाई निगम प्रशासन ने बनवाया। सेवन मिलियन चौक सेक्टर-5 में सेंट्रल एवेन्यू के किनारे निर्मित वर्टिकल गार्डन राहगीरों को सुंदरता के साथ भिलाई के प्रति स्नेह का संदेश दे रहा है।





## उद्यानों की संख्या में बढ़ोतरी कर बनाया हरियाली का आवरण

निगम के उद्यान अधिकारी का कहना है कि लोग अब सजग हो रहे हैं। अपने वार्ड के उद्यानों के पेड़-पौधों की देखभाल स्वयं कर रहे हैं। उद्यान को सुबह-शाम खोलने व बंद करने का समय भी खुद कॉलोनी के लोग तय कर लिए हैं। उद्यान अधिकारी का यह भी कहना है कि वार्ड का प्रत्येक नागरिक चाहता है कि उनके बच्चों को खेलकूद के लिए ज्यादा दूर जाना न पड़े। वार्ड में एक उद्यान हो, जहां लोगों का मनोरंजन हो सके और पेड़-पौधों की हरियाली से वहां की आबोहवा में शुद्धता बनी रहे। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए उद्यान विकास किया जा रहा है।

### उद्यानों से बिखरेगी हरियाली

| | |
|---|---|
| वार्ड-3 भिलाई नगर रेलवे स्टेशन 31.90 लाख | सेक्टर-5 सेंट्रल एवेन्यु फॉरेस्ट रोड तक सौंदर्यीकरण 44 लाख |
| सेक्टर-1 रेलवे स्टेशन के सामने गार्डन निर्माण 145 लाख | वार्ड-36 गौतमनगर 45 लाख |
| सेक्टर-5 में शहीद भगत सिंह उद्यान 750 लाख | सेक्टर-8 मड़ाम गार्डन 50 लाख |
| | वार्ड-66 नेहरू नगर ओवर ब्रिज के बाजू में 29 लाख |









## अमृत मिशन के अंतर्गत

| |
|---|
| वार्ड-1 खम्हरिया में 47 लाख |
| वार्ड-1 जुनवानी 22 लाख |
| वार्ड-3 प्रियदर्शनी परिसर 7 लाख |
| वार्ड-7 मैत्री विहार 42 लाख |
| वार्ड-16 कुरूद उद्यान निर्माण 25 लाख |
| वार्ड-22 श्याम नगर टाटा लाइन उद्यान 22 लाख |
| वार्ड-26 हाउसिंग बोर्ड 37 लाख |
| वार्ड-36 मधुकामिनी उद्यान 34 लाख |
| वार्ड-70 हुडको में 36 लाख |

## निगम मद से हरियाली के लिए उद्यान निर्माण

नगर निगम ने 2016 से अब तक अधोसरचना मद से सात और अमृत मिशन के अंतर्गत 9 स्थानों की खुली भूमि को आधुनिक उद्यान के रूप में विकसित किया है। सात उद्यानों के विकास पर अधोसंरचना मद से करीब 10 करोड़ 94 लाख 9 हजार रुपए खर्च किए है। इनमें वार्ड-3 भिलाई नगर रेलवे स्टेशन 31.90 लाख, सेक्टर-1 रेलवे स्टेशन के सामने गार्डन निर्माण 145 लाख, सेक्टर-5 में शहीद भगत सिंह उद्यान 750 लाख, सेक्टर-5 सेंट्रल एवेन्यु फेरेट रोड तक सौंदर्यीकरण 44 लाख, वार्ड-36 गौतमनगर 45 लाख, सेक्टर-8 मत्स्य गार्डन 50, वार्ड-66 नेहरू नगर ओवर ब्रिज के बाजू में 29 लाख रुपए शामिल है।

## खुली भूमि उद्यान के रूप में विकसित

अमृत मिशन के अंतर्गत 9 स्थानों की खुली भूमि को उद्यान के रूप में विकसित किया गया है। इसमें वार्ड-1 खम्हरिया में 47 लाख की लागत से उद्यान बनाई गई है। इसी वार्ड-1 जुनवानी 22 लाख, वार्ड-3 प्रियदर्शनी परिसर, 7 लाख, वार्ड-7 मैत्री विहार 42 लाख, वार्ड-16 कुरूद उद्यान निर्माण 25 लाख, वार्ड-22 श्याम नगर टाटा लाइन उद्यान 22 लाख, वार्ड-26 हाउसिंग बोर्ड 37 लाख, वार्ड-36 मधुकामिनी उद्यान 34 लाख और वार्ड-70 हुडको में 36 लाख की लागत से उद्यान डेवलप किया गया है।

**नेहरू नगर नेशनल हाइवे के किनारे 1करोड़ 80 लाख 99 हजार की लागत से चार उद्यान का निर्माण**

स्कूल, कॉलेज, तालाब, सड़कों के किनारे और तालाबो के तटबंध पर रोपे गए पौधे बड़े हो गए है। आईटीआई खुर्सीपार, खम्हरिया, हुडको में ग्रीन बेल्ट तैयार हो गया है।

नगर पालिक निगम प्रशासन भिलाई पर्यावरण संरक्षण के प्रति कृत संकल्पित है

पिछले पांच वर्षो में निगम प्रशासन ने जन सहयोग से 72380 पौधे रोप चुके है।

मुख्यमंत्री के सुझाव के अनुसार इस वर्ष नेशनल हाइवे, जुनवानी कोहका रोड के किनारे वृहद स्तर पर गुलमोहर के पौधे लगाए गए हैं। देखभाल में पौधे बड़े हो रहे हैं।

### पांच साल में लगाए 72380 पौधे



| | |
|---|---|
| वर्ष 2014-15 | 17273 |
| वर्ष 2016-17 | 7761 |
| वर्ष 2017-18 | 11350 |
| वर्ष 2018-19 | 7830 |
| वर्ष 2019-20 | 28166 |






सफलता

# देश के 4237 शहरों की रैंकिंग में 11वें स्थान की बड़ी कामयाबी

- लगातार तीन वर्षों से स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग में नगर पालिक निगम भिलाई को राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने का गौरव
- 2017 में ओडीएफ प्लस का सर्टिफिकेट और ईस्ट जोन में क्लीन सिटी का अवॉर्ड मिली
- 2018 में नागरिकों में स्वच्छता को लेकर चलाए गए जन जागरूकता अभियान के लिए भिलाई निगम को स्कॉच अवॉर्ड (गोल्ड) मिला। 4041 शहरों में भिलाई निगम ने 71वां स्थान हासिल किया।
- स्वच्छता सर्वेक्षण-2019 के महामुकाबले में कचरा मुक्त शहर का सर्टिफिकेट और क्लीनेस्ट सिटी अवॉर्ड, 4237 शहरों में 11वां रैंक हासिल किया
- स्वच्छ सर्वेक्षण-2020 की निगम को मिला बेस्ट सेल्फ-सस्टेनेबल सिटी अवॉर्ड

## बनें सेल्फ - सस्टेनेबल सिटी

भिलाई नगर पालिक निगम को गार्बेज मुक्त शहर बनाने की दिशा में प्रयासरत है। 96200 घरों से 75 ई-रिक्शा, 250 सामान्य रिक्शा से प्रतिदिन डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किया जाता है।

12 डंपर, 54 ऑटो, 1576 प्लेसमेंट के कर्मचारी और 40 विशेष गैंग के माध्यम से शहर के 1 लाख 20 हजार मकान और 20 हजार दुकानों से निकलने वाले कचरे का परिवहन और जीरो वेस्ट सेंटर में सूखा और गीला कचरे का सेग्रीगेशन किया जाता है।



#BHILAIKIBHALAI



## जीरो वेस्ट को प्राथमिकता






8 स्थानों नेहरू नगर फर्स्ट बटालियन, कोसा नगर, लक्ष्मी नगर, बैकुंठधाम, ट्रेंचिंग ग्राउंड कुरुद, खुर्सीपार, रुआबांधा और नेवई में एसएलआरएम सेंटर का निर्माण।

जीरो वेस्ट सेंटर में मिले कचरे से सौनहा खाद का निर्माण कर सालभर में जैविक खाद की बिक्री से 80 लाख रुपए राजस्व जुटाया

जन सुविधा को ध्यान में रखते हुए शहर के सभी प्रमुख मार्केट और नेशनल हाइवे के किनारे सामुदायिक और सार्वजनिक टायलेट का निर्माण। सामुदायिक टायलेट में सेनेटरी पैड की सुविधा।

## ओडीएफ++, खुले में शौचमुक्त बना भिलाई



| सामुदायिक व सार्वजनिक | आधुनिक शौचालय | निजी शौचालय |
|---|---|---|
| 166 | 02 | 17929 |

**सभी सार्वजनिक शौचालय में दिव्यांगो के लिए विशेष व्यवस्था**

#BHILAIKISHALAI

# जानलेवा प्रदूषण से मुक्ति, कचरे का पहाड़ खाद में तब्दील

**ठोस अपशिष्ट प्रबंधन**

29 मार्च 2016 को मेरे कार्यकाल की पहली सामान्य सभा हुई थी। जिसमें मेरे महापौर परिषद के सदस्यों ने जामुल कुरुद स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड की समस्या पर चिंता जाहिर की थी। मैंने निगम के अधिकारियों को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत जामुल स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में डंप कचरे का सेग्रीगेशन का प्रस्ताव तैयार करने कहा। कुछ कारणवश इस प्रस्ताव पर पहली सामान्य सभा में चर्चा नहीं हो पाई। बाद में सदन से प्रस्ताव को स्वीकृति मिली। रेडमाइजेशन पद्धति से ट्रेंचिंग ग्राउंड में लगी कचरे के ढेर को सेग्रीगेशन किया गया। ट्रेंचिंग ग्राउंड में अब लगभग10 एकड़ का मैदान तैयार हो गया है। निगम प्रशासन ने पिछले पांच वर्षों ट्रेंचिंग ग्राउंड तक वाहनों की पहुंच के लिए सड़क निर्माण जमीन की सुरक्षा के लिए फेंसिंग कराया। हरियाली के लिए ग्राउंड के किनारे चारो तरफ पौधरोपण कर नगर पालिका परिषद जामुल और कुरुद वार्ड के वासियों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने का प्रयास किया है।

पहले



अब



## शहर की निकासी व्यवस्था होगी दुरुस्त

- वर्षों से सीवरेज की समस्या से जूझ रहे वैशाली नगर वार्ड को जाम से राहत मिली। करीब 1 करोड़ की लागत से वैशाली नगर वार्ड में अंडरग्राउंड सीवरेज लाइन का मरम्मत कराया गया। नई पाइप लाइन बिछाई गई।
- कैम्प क्षेत्र के निचली बस्तियों में जल भराव को रोकने लाख की लागत से बैकुंठधाम नाला का सुदृढ़ीकरण किया गया। नाला के दोनों तरफ रिटेनिंग बनाई गई।
- वार्ड-29 बापू नगर उड़िया बस्ती नाले का सुदृढ़ीकरण
- कोसा नगर स्थित बस डिपो में फाइटो रायड 2 एमएलडी फिल्टर



| | | |
|---|---|---|
| तेलहा नाला खुर्सीपार चार स्थानों पर में 10 करोड़ की लागत से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट | कोसानाला का 17 करोड़ की लागत से सुदृढ़ीकरण, स्वीकृत | सेक्टर-6 सी मार्केट एचएससीएल कॉलोनी के नाले के दोनों तरफ रिटेनिंग वाल |

# स्कूलों को स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित करने की विशेष पहल



शिक्षा पर सबका समान अधिकार है। इसमें कहीं कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। मैंने अपनी इसी विचारधारा को लेकर छात्रजीवन में एनएसयूआई ज्वाइन किया और छात्रहित में संघर्ष किया। दिसंबर 2015 में नगर पालिक निगम भिलाई मेयर प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने का मौका मिला। शहर की जनता ने अपना आशीर्वाद देकर नगर पालिक निगम भिलाई मेयर की कुर्सी पर जब बिठाया, तो मेरी जिम्मेदारी और दो गुनी हो गई। 11 जनवरी 2016 को लाल मैदान पावर में पद और गोपनीयता के साथ भिलाई की भलाई और सभी को एक समान शिक्षा दिलाने की शपथ ली। 17 अप्रैल 2016 को स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को पहला पत्र लिखा और नगरीय निकायों में स्मार्ट स्कूल खोलने की मांग की। 25 फरवरी 2017 को तत्कालीन स्कूली शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर अंग्रेजी माध्यम के स्मार्ट स्कूल खोलने के प्रस्ताव के बारे में बताया। प्रस्ताव पर मंत्री सहमत हुए और उन्होंने संचालक को पत्र जारी कर जिला शिक्षा विभाग से अंग्रेजी माध्यम स्कूल का अभिमत मंगाने के निर्देश दिए। 6 अक्टूबर 2017 को तत्कालीन दुर्ग जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र मिला। जिला शिक्षा विभाग ने मेरे प्रस्ताव के अनुसार अंग्रेजी माध्यम स्कूल का ड्राफ्ट तैयार किया। जिसे सरकार ने अपनाया। जब प्रदेश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार बनी तो नगरीय निकायों में अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्रोजेक्ट को अमलीजामा पहनाया गया।

## स्मार्ट स्कूल योजना



- स्मार्ट स्कूल योजना के तहत निगम क्षेत्र के 127 शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई।
- शिक्षा उपकर मद की राशि से निगम क्षेत्र के 62 शासकीय स्कूल भवन एवं कमरे का मरम्मत, रंगरोगन, कुर्सी टेबल और डस्ट फ्री क्लासरूम बनाने के लिए ग्रीन बोर्ड लगाया गया।
- 27 शासकीय स्कूलों में डिजिटल क्लासरूम, कम्प्यूटर और सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाया गया। इनमें से सभी स्कूल आईसीटीई से जुड़ गया है।
- स्मार्ट स्कूल योजना के अंतर्गत शासकीय स्कूलों में बच्चों के टाई, बेल्ट, स्कूल बैग, पानी बोतल, वाटर प्यूरीफायर सहित अन्य पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया।
- शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल वैशाली नगर में ऑडिटोरियम का निर्माण।
- शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल कोसा नगर और सुपेला स्कूल में जन सहयोग से वाटर कूलर की व्यवस्था।

# प्रदेश में इंग्लिश मीडियम स्कूल बना मॉडल



हमारे योजनाओं को शासन ने अपनाया

**जोन-4 खुर्सीपार**

| क्लास 1 से 5 | क्लास 6 से 9 |
|---|---|
| सीट 80-80 | सीट 40-40 |

**अंग्रेजी माध्यम स्कूल सेक्टर-6**

क्लास 1 से 11वीं

सीट 40-40

**11वीं कक्षा में गणित, विज्ञान और कॉमर्स की 20-20 सीटें तय की गई**



**सुविधाएं :**

क्वॉलीफाइड और प्रशिक्षित टीचर्स, फर्निश्ड एवं बच्चे फ्रेंडली क्लासरूम, डिजीटल क्लास रूम, ई-लाइब्रेरी, आधुनिक केमेस्ट्री एवं फिजिक्स लैब, स्पोर्ट्स एक्टिविटी

**प्लानिंग**



महापौर देवेन्द्र यादव, शिक्षा सचिव डॉ. आलोक शुक्ला, कलेक्टर अंकित आनंद, आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी से चर्चा करते हुए

**प्रयोगशाला**



**क्रियान्वयन**



शिक्षा सचिव डॉ. आलोक शुक्ला, कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी, [illegible] चर्चा करते हुए

**अंग्रेजी माध्यम स्कूल सेक्टर-6**




#BHILAIKIBHALAI

जिले का पहला एस्ट्रोटर्फ फुटबॉल ग्राउंड



# 'भिलाई ल खेलगढ़ बनाबो'



**दाउ श्रीवासुदेव चंद्राकर क्रिकेट स्टेडियम हाउसिंग बोर्ड वार्ड-26**

- नेचुरल ग्रीन ग्रास युक्त प्ले ग्राउंड एरिया
- ग्राउंड के चारो तरफ फ़ेंसिंग
- ग्राउंड के दोनों तरफ भव्य प्रवेश द्वार
- दर्शक दीर्घा में आराम दायक कुर्सियां
- वीआईपी गैलरी
- खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम

लागत- 1.37 करोड़ क्षेत्रफल-10 एकड़




## खुर्सीपार क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा खेल एकेडमी



**लागत-1.5 करोड़**

- हाईमास्ट लाइट, मैदान समतलीकरण, एथलेटिक्स ट्रैक का निर्माण, बिल्डिंग का रंगरोगन
- पंडित दीनदयाल क्रिकेट स्टेडियम खुर्सीपार को स्पोर्ट्स एकेडमी के रूप में डेवलप किया।
- ग्राउंड को कबड्डी, वॉलीबाल और कुश्ती में प्रैक्टिस करने लायक बनाया गया



## मिलेगा बेहतर प्रशिक्षण

खेल और खिलाड़ी भिलाई की पहचान है। इस पहचान को बनाए रखने के लिए मैंने भिलाई में स्पोर्ट्स एकेडमी खुलवाने की पहल की है। जिससे कि यहां वालीबॉल, कुश्ती, कबड्डी, हॉकी और क्रिकेट खेलने वाले खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण दे सकें। हमारी सरकार खिलाड़ियों को हर सुविधा देने के लिए संकल्पित है। हाउसिंग बोर्ड में खेल मैदान के लिए आरक्षित जमीन पर 13 दिसंबर 2018 को सुविधायुक्त क्रिकेट स्टेडियम बनाने की नींव रखी। लगभग सवा साल में यह स्टेडियम बनकर तैयार हो गया।

### स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जवाहर नगर

जवाहर नगर की जमीन पर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स की नींव रखी। इंडोर हॉल का निर्माण करवाया।

### फुटबाल ग्राउंड सेक्टर-2

लागत-1.5 करोड़ क्षेत्रफल -23500 वर्गफीट



**जिले का पहला एस्ट्रोग्रास युक्त फुटबाल**

बास्केट बॉल स्टेडियम

- 10 लाख की लागत से नायर समाज स्कूल में बॉस्केट बाल कोर्ट
- बजरंगपारा कोहका में वालीबॉल कोर्ट
- स्मृति नगर में टेबल-टेनिस कोर्ट निर्माणाधीन

### खुर्सीपार को मिला इंडोर स्टेडियम

लागत- 3 करोड़

**सुविधाएं**

टेबल टेनिस कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट, स्क्वॉश रूम, एवं अन्य इंडोर खेलों की होंगी सुविधाएं.

### श्रीराम चौक क्रिकेट स्टेडियम खुर्सीपार

लागत-1.5 करोड़

- हाईमास्ट लाइट, मैदान समतलीकरण
- श्रीराम चौक में क्रिकेट स्टेडियम खुर्सीपार के युवाओ को मिलेगा नया प्लेटफार्म





# मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल सरकार की भिलाई के लिए आगामी योजनाएं..





सेक्टर-5 में मरीन ड्राइव और शौर्य पार्क निर्माण की स्वीकृति



तेलहा नाला खुर्सीपार क्षेत्र में चार स्थानों पर सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट-10 करोड़



सिविक सेंटर का सौंदर्यीकरण



सेक्टर-2 तालाब का सौंदर्यीकरण



- शहीद कौशल यादव वार्ड में सर्व मांगलिक भवन
- कोसा नगर में अल्प संख्यक वर्ग छात्रों के लिए छात्रावास भवन 75 लाख
- फरीद नगर में सर्व समाज मांगलिक भवन-20 लाख

## 57 वार्डों में 249 स्थानों पर विकास कार्य



70 वार्डों में 249 स्थानों पर सीमेंटीकरण, पाथवे निर्माण 4271.27 लाख

- 11421.43 लाख की लागत से 47 वार्डों के सड़कों का डामरीकरण
- 3127.55 लाख की लागत से नाली निर्माण
- 186 लाख की लागत से 50 से अधिक सार्वजनिक मंच

शासन द्वारा बचत की राशि का उपयोग करने की अनुमति एमआईसी को देने के बाद

- शासन द्वारा स्वीकृत अधोसंरचना मद के बचत राशि से 7.74 करोड़ का कार्य स्वीकृत
- शासन द्वारा स्वीकृत राज्य परिवर्तित मद के बचत राशि से 3.74 करोड़ का कार्य स्वीकृत
- शासन द्वारा स्वीकृत 14वें वित्त आयोग के बचत राशि से 3 करोड़ का कार्य स्वीकृत

#BHILAIKIBHALAI




# बापू नगर तालाब के सौंदर्यीकरण से खुर्सीपार का लुक निखर कर आया सामने

नगर पालिक निगम के प्रवेश द्वार पर शहर के तालाबों को सहेजने के संकल्प के साथ कदम रखा था। उस संकल्प दोहराते हुए शहर के तालाबों की साफ-सफाई,सरोवर धरोहर योजना के अंतर्गत गहरीकरण के साथ सौंदर्यीकरण के कार्यों पर जोर दिया। जिसमें काफी हद तक सफलता मिली। पिछले पांच साल में 24 तालाबों के संरक्षण पर कार्य किया। जिसमें बापू नगर तालाब को मॉडल तालाब के रूप में विकसित किया गया।



तीन तालाब के नाम से शहर में चर्चित बापू नगर तालाब न केवल खुर्सीपार क्षेत्र के लिए आकर्षण का केन्द्र बन गया है। हरियाली के लिए 13200 वर्गमीटर क्षेत्रफल में फैले इस तालाब की चारों तरफ पेड़-पौधे रोपे गए हैं। इससे तालाब सुंदर व आकर्षक लग रही है। बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों के सेहत और मनोरंजन को ध्यान में रखकर 3 करोड़ 33 लाख की लागत से बापू नगर तालाब का दो पार्ट में सौंदर्यीकरण किया गया। यहां पर आने वाले लोगों को मरीन ड्राइव जैसा सुखद एहसास करा रहा है।





बापूनगर तालाब का लोकार्पण करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

# बारिश के हर एक बूंद को सहजने प्रयास

तालाब के चारो तरफ घाट निर्माण, लाइटिंग, पाथवे

बच्चों के खेलकूद के लिए अलग से चिल्डन प्ले ग्राउंड, उछलकूद करने के लिए कारपेट ग्रीन ग्रास

आकर्षण के लिए मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर तालाब के चारो तरफ के रिटेनिंग वॉल की साज-सज्जा की गई है.

वार्ड-28 लक्ष्मण तालाब और दर्री तालाब छावनी, वार्ड-38 स्थित तालाब का गहरीकरण, सौंदर्यीकरण, चारो तरफरिटेनिंग वॉल का निर्माण-50 लाख

वार्ड-5 संजय नगर तालाब का सौंदर्यीकरण-46, वार्ड-2 नेहरू नगर स्थित गुरु नानक देव का तालाब की 10 साल बाद सफाई-9 लाख

वार्ड-27 घासीदास नगर तालाब के चारो तरफ रिटेनिंग वाल का निर्माण

उन सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए दो मंजीलो बनाया गया है.


मार्निंग व इवनिंग वॉक के दौरान लोगों के बैठने के लिए 12 स्थानों पर आरसीसी बेंच लगाया गया

बस्तर की कलाकृतियां दीवारो पर उकेरी गई है। पाथवे के किनारे मूर्तियां भी स्थापित की गई है।

वार्ड-28 लक्ष्मण तालाब और दर्री तालाब छावनी, वार्ड-38 स्थित तालाब का गहरीकरण, सौंदर्यीकरण, चारो तरफरिटेनिंग वॉल का निर्माण-50 लाख

वार्ड- डुंडेरा तालाब का गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण, वार्ड-16 कुरूद दर्री तालाब का गहरीकरण एवं घाट निर्माण

वार्ड-9 भेलवा तालाब का गहरीकरण, वार्ड-2 स्मृति नगर तालाब का सफाई



वार्ड-68 सेक्टर-9 मानव सेवा परिसर स्थित तालाब की सफाई



**केनाल रोड**

**28.86**
करोड़ लागत

**03**
किलोमीटर रोड की लंबाई

**25-25**
मीटर डिवाइडर से चौड़ाई

**02-02**
मीटर फुटपाथ-2-2

**कहां से कहां तक**
तांदुला माइनर दुर्गा मंदिर वार्ड से नंदनी रोड पावर हाउस तक

# ट्रैफिक की समस्या से मिलेगी राहत

केनाल रोड के निर्माण से खुर्सीपार क्षेत्र के 7 वार्डों के करीब डेढ़ लाख लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा मिलेगी। नेशनल हाइवे पर ट्रैफिक दबाव से निजात मिलेगी। पानी की निकासी और गर्मी में तांदुला के पानी को तालाबों तक पहुंचाने के लिए वरदान साबित होगा। यह रोड आवासीय क्षेत्र वार्ड 31 दुर्गा मंदिर, वार्ड 32 न्यू खुर्सीपार, वार्ड 33, वार्ड 34, वार्ड 35 वार्ड 36, वार्ड 37 होते हुए नंदिनी रोड से जुड़ेगा। लोगों की स्वास्थ्य सुविधा को ध्यान में रखते हुए 2-2 मीटर चौड़ा फुटपाथ ग्रीनरी के साथ रोड का डिजाइन किया गया है। ताकि लोग सुबह-शाम टहल सकें। केनाल रोड निर्माण में कुल 523 लोग प्रभावित हुए। इनमें से सभी का नियमतः व्यवस्थापन किया गया। पूर्ण रूप से प्रभावित 142 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास अंतर्गत आम्रपाली वनांचल सिटी में मकान आवंटित किया गया है।






# साकार हो रहा सुंदर भिलाई की परिकल्पना



- रोप लाइट्स से अब रात में भी दिखने लगी आकर्षक
- सुपेला चौक स्थित वॉच टावर रोप लाइट्स की जगमगाती रंगीन-रोशनी से सुंदर एवं आकर्षक भी लग रही है।
- नगर पालिक निगम भिलाई प्रदेश का पहला निगम है। शहर के प्रमुख सड़कों पर ट्यूबलर पोल पर रंगीन रोप-वे लाइट लगाने का कार्य किया।
- रंग-बिरंगी रोप-वे लाइट से नेशनल हाइवे सुंदर व आकर्षक लगती है।
- सुपेला घड़ी चौक से राजेन्द्र प्रसाद चौक कोहका रोड, सड़क नंबर-18, हाउसिंग बोर्ड गुरुद्वारा मार्ग और सेक्टर-5 की प्रमुख सड़कों के ट्यूबलर पोल पर रोप-वे लाइट लगाया गया.
- शहर के चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण योजना अंतर्गत शहीद स्मारकों का मरम्मत करवाया गया है।

#BHILAIKIBHALAI




**नेहरू नगर अंडरब्रिज**
250 मीटर लंबाई
11 करोड़ लागत

गौरव पथ पहले



गौरव पथ अब



## चंद्रा मौर्या अंडरब्रिज में नहीं भरेगा बारिश का पानी

चंद्रा-मौर्या अंडर ब्रिज में अब बारिश का पानी जमा नहीं होता। अंडरब्रिज में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के पैटर्न पर बने दो संपवेल से जमीन में चला जाता है। ऐसा सिस्टम बनाया गया जिससे एक संपवेल का पानी यदि ओवरफ्लो होता है तो वह ऑटोमेटिक दूसरे संपवेल में चला जाता है। इस सिस्टम के बनने के बाद इस सीजन में अंडरब्रिज में बारिश का पानी जमा नहीं हुआ। शहर की जनता को टाउनशिप से वैशाली नगर क्षेत्र की ओर आने-जाने में कोई परेशानी नहीं हुई। इससे पहले थोड़ी सी बारिश में अंडरब्रिज में पानी जमा हो जाता था। लोगों को आने-जाने में ट्रैफिक की समस्या का सामना करना पड़ता था। इसे महापौर श्री देवेन्द्र यादव ने गंभीरता से लिया। रेलवे, बीएसपी और निगम प्रशासन के बीच समन्वय बनाने के लिए काफी मशक्कत किया। समस्या का समाधान कर राहत की सांस लिया।



**नेहरू नगर ब्रिज**
566 मीटर लंबाई
36 करोड़ लागत

**स्टेशन मरोदा**
883 मीटर लंबाई
33.23 करोड़ लागत

**पावर हाउस अंडरब्रिज**
256 मीटर लंबाई
8.87 करोड़ लागत

**जेल तिराहा से आमदी नगर**
850 मीटर लंबाई
27.38 लागत






# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाएंगी मदर्स मार्केट

महापौर देवेंद्र यादव ने एक ऐसी मार्केट की कल्पना है जहां महिलाएं व्यवसाय करती हुई नजर आएंगी। महापौर ने महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए अलग से मार्केट बनाया है। जहां ज्वेलरी आयटम, ब्यूटी पार्लर, पापड़, बिजोरी, आचार, पोहा, गुलाल, अगरबत्ती, धूप बत्ती, दही, पनीर, खोवा और लिट्टी-चोखा व कलेवा का सेल करेंगी। इसके लिए निगम प्रशासन (प्रगति मार्केट पावर हाउस) का चयन किया गया है। जिसे निगम ने मदर्स मार्केट का नाम दिया है। इस मार्केट में कुल 27 दुकानें है। इसमें से सभी दुकानों का संचालन महिलाएं करेंगी। ताकि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने बेहतर प्लेटफार्म मिल सके। वहीं इस कैंपस में पार्किंग का जिम्मा भी महिलाओं के हवाले ही होगा। एक कैंटीन भी होगी। जिसका संचालन भी महिलाएं करेंगी।

## हजारों महिलाओं को सीधा लाभ

यह शहर का पहला मार्केट होगा। जिसका पूरा संचालन महिलाएं करेंगी। कॉम्प्लेक्स के रिनोवेशन का काम जोन-4 खुर्सीपार के अधिकारियों के मार्गदर्शन में चल रहा है। महिलाओं के लिए मार्केट का कान्सेप्ट मेयर देवेंद्र यादव का था। 31 मई 2019 को ही प्रोजेक्ट सेल की बैठक में इस पर चर्चा हुई। वहां से मंजूरी मिलने के बाद मदर्स मार्केट के प्रस्ताव पर काम शुरू हुआ। निगम के अफसरों का दावा है कि मदर मार्केट से 150 से ज्यादा महिला स्वसहायता समूह की हजारों महिलाओं को सीधा लाभ होगा। उनके पास अपना काम होगा।

## ये सामान मिलेंगे

जोलरी आयटम, ब्यूटी पार्लर, पापड़, बिजोरी, आचार, पोहा, गुलाल, अगरबत्ती, धूप बत्ती, दही, पनीर, खोवा और लिट्टी-चोखा व कलेवा का सेल करेंगी।



### भूतल की 25 दुकानों में घरेलू सामान

- दो दुकानों में कैंटीन का संचालन
- प्रथम तल में बेहतरीन सुपर मार्केट
- हर तल में पेयजल, शौचालय व फीडिंग जोन
- सिटी लेवल के 2 फेडरेशन देखेंगे मैनेजमेंट



जो कहा, वो करके दिखाया

# संपत्तिकर की आर्थिक बोझ को किया कम
# 50 फीसदी छूट देने वाला पहला निगम





महापौर श्री देवेन्द्र यादव और उनके परिषद के सदस्यों ने शहर और करदाताओं के हित में कई निर्णय लिए। शासन स्तर पर स्वीकृति नहीं मिलने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाने में पीछे नहीं हटे। संपत्तिकर की दर में एक मुश्त 50 पीसद की वृद्धि और सफाई सेवा शुल्क की दर में कमी के संकल्प के मामले में ऐसा ही हुआ। सवाल था सवा लाख करदाताओं के हित का। इसलिए महापौर ने उच्च न्यायालय में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के 2015 में संपत्तिकर की दर और वार्षिक भाड़ा मूल्य में एकमुश्त 50 फीसदी तक वृद्धि आदेश को आदेश त्रुटि पूर्ण बताते हुए चुनौती दी थी। न्यायालय ने महापौर परिषद के हित में फैसला दिया। कलेक्टर गाइडलाइन के अनुसार जमीन के वार्षिक भाड़ा मूल्य के अनुसार संपत्तिकर की नई दर की गणना करने के आदेश दिए। न्यायालय के आदेश के अनुसार महापौर परिषद ने संपत्तिकर की दर में 50पीसद की कम कर करदाताओं को सीधे तौर पर आर्थिक लाभ पहुंचाने का निर्णय लिया।

दरअसल में महापौर परिषद ने संपत्तिकर की दर में एकमुश्त 50 फीसदी की बढ़ोत्तरी पर आपत्ति करते हुए नए सिरे से जोन के निर्धारण के साथ दर में पांच फीसद बढ़ोतरी के प्रस्ताव को स्वीकृति दी, लेकिन तत्कालीन निगम आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा ने महापौर परिषद के संकल्प को इस वजह से खारिज कर दिया था कि परिषद ने निगम एक्ट के अनुसार निर्धारित अवधि 15 दिन में प्रस्ताव पर निर्णय नहीं लिया। शासन से स्वीकृति मिलने के बाद अधिसूचना जारी कर बढ़ी हुई संपत्ति कर की दर को अक्टूबर 2016 में लागू कर दिया।

2020-21 में दिव्यांग या नि:शक्तजन व्यक्ति के नाम पर प्रापर्टी होने पर देय संपत्ति कर 25 फीसद की अतिरिक्त छूट दी जाएगी।
महापौर परिषद ने 2020-21 में नेत्रहीन, तलाकशुदा, परित्यकता और महिला के स्वामित्व वाली भूमि और भवन पर 50 फीसद की छूट देने का निर्णय लिया है।





# जिले का पहला सुविधायुक्त सर्व समाज मांगलिक भवन





## भवनों की कमी और खर्च से मिलेगी राहत

सर्व धर्म समाज के लिए बनने वाला यह मंगल भवन नगर पालिक निगम क्षेत्र का सबसे बड़ा सर्वसुविधायुक्त सरकारी भवन होगा। जहां निगम क्षेत्र के अलावा जिले के सभी धर्म और समाज के लिए आसानी से उपलब्ध होगा। निगम क्षेत्र में 65 से ज्यादा समाज हैं। जिन्हें इसका लाभ मिलेगा। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ धार्मिक आयोजन भी कर सकेंगे।

बारिश और धूप से बचने के लिए 6000 वर्गफीट का डोम शेड तैयार किया जाएगा। लगभग आधा एकड़ ( 5000 वर्गफीट) का पार्किंग एरिया के लिए आरक्षित किया गया है। जहां प्रवेश और बाहर निकलने के दो भव्य प्रवेश द्वार होगा।

## भवन की खासियत

**10,000**
वर्गफीट क्षेत्रफल में दो मंजिला भवन

**8,000**
वर्गफीट का भूतल

**कार्यक्रम**
शादी-विवाह के कार्यक्रम के ओपन मंच, लॉन और गार्डन का निर्माण किया जा रहा है।

**12**
कमरे, बाथरूम, टायलेट एवं अन्य सुविधाएं

# महंगे निजी भवनों के खर्च से मिलेगी राहत








मध्यम वर्गीय तबके के लोगों को विभिन्न आयोजनों और कार्यक्रमों के लिए सस्ते दर पर सुविधायुक्त भवन आसानी से मिल सकेगा। भवन के अभाव में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार ऐसी भी नौबत आती है कि अपने घर के सामने रोड पर या फिर निवास स्थान को छोड़कर दूसरे स्थानों पर कार्यक्रम करना पड़ता है। महापौर श्री देवेन्द्र यादव और परिषद के सदस्यों ने गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार की इसी तरह की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए 3-4 वार्डों के बीच सुविधा युक्त सामुदायिक भवन बनाने का प्रस्ताव तैयार कर नगरीय प्रशासन को भेजा। शासन से 8 स्थानों पर 25-25 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति मिली। सामुदायिक भवनों में बिजली, पानी, शौचालय, रूम, हॉल होगा। जहां आराम से शादी और अन्य पारिवारिक, सामाजिक कार्य संपन्न कराया जा सकता है। इन भवनों को लोगों को कार्यक्रम के लिए सस्ते दर पर उपलब्ध कराया जाएगा। इससे जो राशि मिलेगी। उसे जरूरत के अनुसार भवनों का मेंटेनेंस और रखरखाव पर खर्च की जाएगी।

## नवनिर्मित सामुदायिक भवन




जोन-1 के अंतर्गत वार्ड-2 मॉडल टाउन, वार्ड-5 पीली मिट्टी चौक और वार्ड-12 कांट्रेक्टर कॉलोनी का सामुदायिक भवन कर निर्माण किया गया है।

वार्ड-38 शहीद वीर नारायण नगर में नेशनल हाइवे के किनारे मंगल भवन को जीर्णोद्धार किया गया है।

जोन-4 वीर शिवाजी नगर अंतर्गत वार्ड-28 छावनी, वार्ड-37 सुभाष नगर एवं सोनिया गांधी नगर में 30 लाख की लागत से सामुदायिक भवन बनाया गया है।

**जोन-2 के अंतर्गत वैशाली नगर वार्ड-27 घासीदास नगर में भवन निर्माणाधीन है।**



# मनोरंजन के साथ प्रतिभाओं को मिला मंच







जनवरी 2017 में महापौर परिषद के सदस्यों ने लोगों को मनोरंजन के साथ-साथ खेल, डांस, चित्रकला, गीत-संगीत सहित अन्य प्रतिभाओं को तफरीह के मंच हुनर को निखारने के लिए मौका देने का निर्णय लिया था। नगर पालिक निगम प्रशासन एवं सामाजिक संगठनों के माध्यम से टाउनशिप में सजे तफरीह के मंच से आउट एवं इंडोर गेम्स में लूडो, चेस, कैरम, आउटडोर बास्केटबॉल, वॉलीबाल और रोप जम्प सहित खेलकूद का आयोजन हुआ, तो कार्यक्रम का आनंद लेने के लिए पहुंचे भीड़ देखकर लगा कि तफरीह शहर की मांग है। सामाजिक संगठन, योगा क्लब, चिकित्सा संस्थानों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दी।





# किराएदारों को बनाया मकान मालिक

भिलाई, प्रदेश का पहला नगर पालिक निगम है जो आईएचएसडीपी, अटल आवास, वाम्बे आवास, रैश्ने आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों में वर्षों से किराए पर रहे 200 परिवार को मकान का मालिक के रूप में रहने का हक प्रदान किया। इससे निगम को मकान के किस्त के रूप में राजस्व भी मिलेगा। आवास स्वयं के नाम पर होने से स्वयं का छत की चिंता भी दूर हो गई।



नेहरु नगर, कोसा नगर, घासीदास नगर, जवाहर और खुर्सीपार में भिलाई के गोद कार्यक्रम के दौरान वार्ड की जनता से मुलाकात हुई तो लोगों की शिकायत में यह तथ्य सामने आया कि खाली पड़े आवासों को असामाजिक तत्वों ने कब्जा कर रखा है। उन्हें किराए पर देकर कमाई कर रहे हैं। इस बात की पुष्टि करने के लिए निगम प्रशासन ने सर्वे कराया तो शिकायत सही पाई गई। कुछ ऐसे लोग थे जो जरूरतमंद है। जिन्हें आवास की आवश्यकता है। निगम प्रशासन ने ऐसे पात्र 200 लोगों का चयन वर्षों से रह रहे आवास को आवंटित किया। इसी तरह से शेष आवासों को भी आवंटित करने का निर्णय लिया है।



**आईएचएसडीपी आवास की संख्या-**

1168 में से 749 आवंटित, 419 आवंटन हेतु शेष

**वाम्बे आवास**

1588 में से 549 आवंटित, 1039 आवंटन हेतु शेष

**अटल आवास**

300 में से 124 आवंटित, 176 आवंटन हेतु शेष

**रैश्ने आवास**

400 में से 205आवंटित, 195 आवंटन हेतु शेष





रिकॉर्ड

# 60 दिनों में 1.37 लाख हितग्राहियों को दिया राशनकार्ड

- खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम 2012 एवं छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली ( नियंत्रण ) आदेश 2016 के अंतर्गत 1,37 639 राशन कार्ड जारी
- अंत्योदय योजना के तहत 24045 परिवार को 1 रुपए किलोग्राम की दर हर माह 35चावल, शक्कर और अमृत नमक
- 83082 बीपीएल परिवार के मुखिया के नाम राशन कार्ड है।
- 324 निराश्रित, 483अन्नपूर्णा योजना 58152 प्राथमिकता और 513 नि:शक्तजनों के नाम से राशन कार्ड जारी किया गया है।
- निगम क्षेत्र में 677 प्रवासी परिवार है। 55293 लोगों को एपीएल राशन कार्ड जारी किया गया है। जिन्हें 10 किलोग्राम की दर से प्रतिमाह 10 किलोग्राम चावल दिया जाता है।

## मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय

लोगों की दैनिक समस्याओं का वार्ड स्तर पर निराकरण कर सुशासन स्थापित करने के उद्देश्य से 2-3 वार्डों का समूह बनाकर मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय की स्थापना की गई। जहां निगम के अधिकारी सप्ताह में एक दिन प्रत्येक वार्ड में बैठकर उनकी समस्याएं सुनें और समस्या का त्वरित निराकरण का प्रयास करते हैं।





# कालातीत हो चुके 3199 पट्टे का नवीनीकरण



- नगर निगम क्षेत्र के भूमिहीन 1430 व्यक्तियों को राजीव गांधी आश्रय योजनांर्गत 30 साल के लिए आवासीय पट्टा दिया जाएगा।
- 1984-85 में आवंटित पट्टे कालातीत हो गई थी। वार्डों में शिविर लगाकर आवेदन लिया गया। 3199 पट्टे का 30 वर्षों के लिए नवीनीकरण किया गया।
- आईएचएसडीपी योजनांर्गत मॉडल टाउन, परियापारा और घासीदास के व्यवस्थापन पर रोक लगाई गई। जो लोग जहां रहे हैं। उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्का आवास निर्माण के लिए 2.29 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी।
- पट्टाधृति अधिकारों को भू-स्वामी अधिकार में परिवर्तित करने का अधिकार दिया गया है।

## पूरे कर रहे हैं सारे फर्ज







आईएसएसआर योजनांतर्गत मॉडल टाउन घासीदास नगर और रूआबांधा बस्ती व्यवस्थापन पर रोक लगाने बड़ा निर्णय लिया।



# परंपरागत व्यवसाय को बढ़ावा




- पौनी पसारी योजनांर्गत स्थानीय लोगों को उनके परंपरागत व्यावसाय को बढ़ावा देने के लिए सुरक्षित जगह उपलब्ध कराया जाएगा.
- इस योजना के अंतर्गत वार्ड–26 हाउसिंग बोर्ड एसबीआई रोड के बाजू में संकट मोचन हनुमान मंदिर के समीप शेड और चबूतरे का निर्माण किया गया। नाली और टायलेट और पार्किंग स्थल पर पेवर ब्लाक लगाया गया है।
- वैशाली नगर मौल मार्केट में चबूतरे का निर्माण किया गया है
- शहर के प्रमुख साप्ताहिक बाजारों का कांक्रीटीकरण और चबूतरे का निर्माण किया गया है। फटकर व्यापारियों के सभी साप्ताहिक बाजारों में टायलेट और पानी की व्यवस्था निगम प्रशासन की ओर से की गई है।
- मुख्यमंत्री स्वालबन योजना के अंतर्गत निर्मित 347 दुकानों में से 298 आवंटन हो चुका है। रिक्त 60 दुकानों के आवंटन के लिए 89 आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसका आवंटन के लिए जिला चयन समिति दुर्ग भेजा गया है।



- विभिन्न सरकारी योजना अंतर्गत 176 में से 170 चबूतरों का आवंटन किया गया है। रिक्त 6 चबूतरे का आवंटन किया जाएगा।
- महिला समृद्धि बाजार योजना के अंतर्गत 100 में से 47 दुकानों का आवंटन किया गया है। 53 चबूतरे का आवंटन का प्रस्ताव समिति को भेजा गया है।
- निगम प्रशासन ने लोगों को स्व रोजगार के लिए पावर हाउस, राधिका नगर और नेहरू नगर चौक पर गुमटी का आवंटन किया। जहां वे अपना व्यवसाय कर रहे हैं।

## पौनी पसारी योजना



लागत- 26.88 लाख
चबूतरा और टिन शेड- 15 नग

# कर्मचारियों का रखा ख्याल, 67 आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति



नगर पालिक निगम की सेवा करते हुए कई कर्मचारियों की मृत्यु हो गई थी। उनके परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति देने में बहुत सारी अड़चनें आईं। नगर पालिक के नियमित पद संरचना में कई पद स्वीकृत नहीं थे जिन पर अनुकंपा नियुक्ति देनी थी। जिसे सलाहकार समिति की सुझाव के अनुसार दूर करते हुए महापौर परिषद ने नियुक्ति पत्र प्रदान करने का निर्णय लिया।

2015 से लेकर 2019 तक - मृतक परिवार के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति दी गई।

2020 में दीपावली त्योहार के ठीक पहले महापौर परिषद ने 67 मृतक के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

सहायक ग्रेड 3, स्वच्छता पर्यवेक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, वाहन चालक और भृत्य जैसे पदों पर नियुक्ति दी गई है।



# आश्रय स्थल में ठहराया, कोई भूखा नहीं सोया

पहले लोग रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड परिसर,चौराहा और फुटपाथ पर खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर होते थे। इस समस्या का हल करते हुए महापौर देवेंद्र यादव और उनकी परिषद ने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम) के अंतर्गत प्रियदर्शनी परिसर में दो मंजिला बिल्डिंग का निर्माण का निर्णय लिया। यहां 30 असहाय महिला, बच्चे और बुजुर्ग रह रहे हैं। उनकी देखरेख और भवन की साफ-सफाई की जिम्मेदारी संगम सेवा स्तरीय समिति को दी गई है। लाक डाउन के दौरान महाराष्ट्र से लौटने वाले श्रमिकों को निगम के आश्रय स्थल में ठहराया गया। राजनीतिक दल, स्व सहायता समूह, सामाजिक संगठन, यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने चौक-चौराहे पर पंडाल लगाकर खाद्य सामग्री और भोजन के पैकेट उपलब्ध कराया।









कोरोना से लड़ने महापौर निधि से 17 लाख की सैनिटाइजर व 11 लाख के मास्क खरीदे गए

# कोविड संक्रमण रोकने टीम वर्क के साथ किया काम



- शुरुआत में भिलाई कोरोना हॉटस्पाट सेंटर बन गया था। प्रदेश में शहर चर्चा में आ गया था। जिसे कचांदुर स्थित चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज बिल्डिंग में 800 बिस्तर का कोविड केयर सेंटर तैयार कर कोरोना को मात दी।
- भिलाई निगम के सफाई कामगार, वाहन चालक, सुपरवाइजर, हेल्पर सहित 1760 स्वच्छता कर्मचारियों को कोरोना से सुरक्षित रखने सुरक्षा सामग्री प्रदान की गई है।
- शासन के निर्देशानुसार कोरोना वायरस से बचाव और लोगों को जागरूक के लिए 25 प्रचार रथ तैयार किया गया था। पोस्टर बैनर के माध्यम से प्रचार किया जा रहा है।
- कोविड संक्रमण काल में लॉकडाउन के दौरान विभिन्न जनसेवक, समाज सेवी संस्था, के माध्यम से 2041100 रुपए के खाद्य सामग्री जरूरत मंदो तक पहुंचाई गई।







कोविड संक्रमण काल में लॉकडाउन के दौरान माननीय मुख्यमंत्री एवं निगम के महापौर देवेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जरूरतमंदों तक खाद्य एवं अन्य सामग्री पहुंचाने के लिए डोनेशन ऑन व्हील्स की शुरूआत की गई थी। डोनेशन ऑन व्हील्स में 92 दान दाताओं ने 569 खाद्यान्न पैकेट प्रदान किया। जिसे श्रमिक बस्ती में रहने वाले निराश्रित, गरीब, असहाय एवं जरूरतमंदो तक पहुंचाया गया।

कोरोना वायरस से बचाव हेतु निगम क्षेत्र के 92685 घरों में जागरूकता के लिए पाम्पलेट चस्पा किया गया। 171540 मकानों को सेनेटाईज किया गया।

लॉक डाउन एवं संक्रमण काल के दौरान निगम क्षेत्रांतर्गत फंसे हुए प्रवासी मजदूरों, निराश्रितों के लिए आश्रय स्थल और क्वारंटाइन सेंटर में निःशुल्क भोजन, पेयजल, विद्युत, खेल सामग्री, टेलिविजन, कूलर, सेनेटाईजिंग, साबुन, मास्क, हेण्ड सेनेटाईजर की व्यवस्था की गई।




# फिटनेस का रख पाए ख्याल, उद्यानों में स्थापित किए ओपन जिम

## महापौर निधि से 70 लाख राशि से विभिन्न स्थानों पर लगेंगे ओपन जिम

जन स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए महापौर श्री देवेन्द्र यादव ने 2016-17 के बजट में फिट भिलाई योजना अंतर्गत वार्डों में ओपन जिम खोलने की घोषणा किया था। इस योजना की शुरुआत नेहरू नगर में जीई रोड के किनारे स्थित उद्यान से की गई। इससे नगर पालिक निगम प्रशासन को व्यायामशालाओं के मरम्मत एवं उपकरणों की खरीदी पर खर्च होने वाली राशि से राहत मिली। वार्ड क्षेत्र में सुविधा मिलने से लोगों को अनावश्यक इधर-उधर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। बच्चे, युवा, महिलाएं, बुजुर्ग सभी वर्ग के लोग ओपन जिम का उपयोग कर रहे हैं।




वार्ड- 4 राधिका नगर, वार्ड - 10 शांति नगर, वार्ड-14 रामनगर, वार्ड-22 टाटा लाइन, वार्ड -69 शहीद कौशल यादव दक्षिण एवं वार्ड -70 शहीद कौशल यादव उत्तर 22 जोन 4 के अंतर्गत वार्ड-37 बापू नगर सहित सात स्थलों पर ओपन जिम के उपकरण लगाया गया है। जोन-5 अंतर्गत महापौर निधि से 20 लाख की लागत से 7 उद्यानों में ओपन जिम के उपकरण लगाए गए हैं।








# डोम शेड का निर्माण, कार्यक्रम का आयोजन हुआ आसान

- सेक्टर -1 में 23 लाख, डेढ़ करोड़ की लागत से सेक्टर- 6 में तीन और सेक्टर-7, सेक्टर -10 में, वार्ड 68 सेक्टर-9 हनुमान मंदिर परिसर में 15 लाख, वार्ड-36 गौतम नगर में 50 लाख, वार्ड-35 बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में शेड का निर्माण किया जाएगा है। टाउनशिप के अन्य वार्डों में डोम शेड का निर्माण किया जाएगा।
- वार्ड 26 हाउसिंग बोर्ड में दो स्थानों पर 10-10 लाख की लागत से डोम शेड का निर्माण किया गया।
- वार्ड-27 फौजी नगर 10 लागत से शेड तैयार किया गया है।










# हालात से समझौता : भविष्य में संक्रमण का खतरा रोकने सालभर जूझते रहे निगम के योद्धा



**2018** में कुछ ऐसी परिस्थिति बनी। जिसकी वजह से अपने हमसे दूर हो गए। इसे नगर पालिक निगम प्रशासन ने गंभीरता से लिया। डेंगू के रोकथाम को लेकर सालभर निगम क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। 5-6 दिनों के अंतराल में नालियों की सफाई कूलर की सफाई, घरों में टेमीफास दवा का वितरण, नालियों में मैलाथियान दवा का छिड़काव, शौचालयों के गैस पाइप में मच्छर जाली और फागिंग कर लार्वा को नष्ट करने का प्रयास किया। वार्डों में चलित चिकित्सालय से कैंप लगाकर लोगों का ईलाज किया जा रहा है। इसका लाभ यह हुआ कि पिछले दो साल से निगम क्षेत्र में डेंगू नियंत्रण में है।





# जनसरोकार : मुक्तिधाम और कब्रिस्तान का विस्तार






**कब्रिस्तान, रामनगर**

- डोम शेड और अतिरिक्त कक्ष का निर्माण
- बाउंड्रीवाल का मरम्मत एवं रंगरोगन
- कब्र तक पहुंच मार्ग में पेवर ब्लाक
- कब्रिस्तान के चारो तरफप्रकाश व्यवस्था के लिए एलईडी लाइट्स

**मुक्तिधाम, रामनगर**



- राम नगर मुक्तिधाम में डोम शेड का निर्माण
  श्रद्धाजलि सभा के लिए अतिरिक्त कक्ष का निर्माण
- राम नगर मुक्तिधा में उद्यान निर्माण
- मुक्तिधाम के प्रथम भाग में बैठने के लिए कुर्सियां
- बिजली और पेयजल की व्यवस्था








अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

महिला कमाण्डो के लिए वार्ड में काम करने वाली माताओं और बहनों के साथ रात्रि में गस्त किया, उनका मनोबल बढ़ाया। साथ ही महिला दिवस 'वूमंस डे आउट' पर स्कूटी रैली निकाली व विविध आयोजन की गई। अन्य अवसर पर भी महिलाओं के लिए विभिन्न आयोजन किया जाता रहा है।






महिला शक्ति

## चौखट पर स्वास्थ्य सुविधाएं




# अपाइंटमेंट न कतार, मोबाइल मेडिकल यूनिट आपके द्वार



निगम क्षेत्र में निवासरत नागरिकों को उनकी चौखट पर ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही है। 21वें राज्य स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दाई-दीदी मोबाइल मेडिकल चलित क्लीनिक का शुभारंभ किया था। तब से लेकर हर दिन मोबाइल मेडिकल यूनिट वार्डों में शिविर लगाकर लोगों को निःशुल्क इलाज एवं उपचार कर रही है। अब तक यह मोबाइल मेडिकल यूनिट 160 स्थानों पर शिविर लगाकर 9738 लोगों का इलाज व उपचार कर चुकी है।





मोबाइल मेडिकल यूनिट में पैथोलॉजी जांच, हिमोग्लोबिन, शुगर, बीपी एवं पेशाब की निःशुल्क जांच की सुविधा

2 मेडिकल मोबाइल यूनिट और एक दाई-दीदी क्लीनिक है जो वार्डों में सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक मोहल्लों में सेवाएं दे रही है

### राधाबाई डायग्नोस्टिक सेंटर

शहरी इलाके में लोगों को स्वास्थ्य सुविधा एवं डायग्नोस्टिक्स पर बड़ी राशि खर्च करने पड़ते है। इसको ध्यान में रखते हुए डॉ राधाबाई डायग्नोस्टिक योजना शुरू की है। महापौर श्री देवेन्द्र यादव की मांग पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भिलाई निगम को इस योजना में शामिल किया है। डॉ. राधाबाई डायग्नोस्टिक योजना के अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला की सुविधाओं को अपग्रेड करने का निर्णय लिया है।

# गोधन को बनाया स्वरोजगार का जरिया



गोधन न्याय योजना



**शहरी गोठान-** प्रदेश सरकार ने पशुधन के संरक्षण और संवर्धन के लिए कोसा नगर की लगभग 7 एकड़ जमीन पर शहरी गोठान का निर्माण किया गया। जानवरों को रखने के लिए जनसहयोग से शेड का निर्माण कराया। मवेशियों की उचित देखभाल के लिए महिला स्व सहायता समूह को जिम्मेदारी दी गई है। हरा चारा की व्यवस्था के लिए नेपियर घास लगवाया गया है।

**रोका छेका अभियान-** 19 जून से 30 जून 2020 तक रोका छेका अभियान चलाकर नेशनल हाइवे और प्रमुख सड़कों पर बैठने वाले मवेशियों को शहरी गोठान पहुंचाया गया।








गोधन न्याय योजना के शुभारंभ करने पहुंचे मुख्य अतिथि संसदीय सचिव श्री दलेश्वर बघेल

गोधन से बने दीए बेचकर महिलाओं ने कमाए 4 लाख 59 हजार 416

वैदिक दीया, सीनरी और अन्य उत्पाद के विक्रय को सत्यमेव जयते महिला स्व सहायता समूह को 3.5 लाख की आय

नई उडान समूह की महिलाओं ने 1.19 लाख हजार के बेचे दीए ।

शहरी गोठान में सब्जी-भाजी की खेती कर रही है समूह की महिलाएं

# पशुपालकों से गोबर खरीदकर महिलाएं बन रही आत्मनिर्भर







गोधन न्याय योजना-नगर पालिक निगम प्रशासन ने गोधन न्याय योजना की शुरुआत 20 जुलाई 2020 को हरेली पर्व से की। इस योजना का प्रदेश में बेहतर क्रियान्वयन नगर पालिक भिलाई ने किया।

गोधन न्याय योजना के अंतर्गत 2 रुपए किलोग्राम की दर से कोसा नगर, जोन-4 खुर्सीपार, रिसाली और ट्रैंचिंग ग्राउंड जामुल कुरुद में गोबर खरीदी की जा रही है। सभी स्थानों पर भू नाडेप, नाडेप टांके, वर्मी बेड का निर्माण किया गया है।

स्व सहायता समूह की महिलाएं गोबर से वर्मी कंपोस्ट, घरों के सजावटी समान और दीए तैयार कर आर्थिक लाभ कमा रही है।

गोधन के अंतर्गत निगम ने अब तक 8574.72 क्विंटल से अधिक गोबर खरीदी की जा चुकी है।

सत्यमेव जयते महिला समिति ने दीये बेचकर कमाए 3 लाख रुपए







HAMAR BHILAI SUNDAR BHILAI

# पक्का घर का सपना होगा पूरा



**सबके लिए आवास**

**9363** लक्ष्य

**6585** स्वीकृति

**2406** पूर्ण आवास

**511** निर्माणाधीन

**5339** कुल पात्र हितग्राही

**581** शासन को प्रेषित डीपीआर

**5152** एमआईएस में सलंग्न

**15** कुल स्वीकृत डीपीआर की संख्या

कुल स्वीकृत डीपीआरकरटेल डीपीआर की संख्या-**13** (1247हितग्राही)



## आईएसएसआर योजना स्लम मुक्त शहर

इस योजना के अंतर्गत रुआबांधा, घासीदास नगर और मॉडल टाउन में 2455 आवास का निर्माण किया जाना प्रस्तावित था। जिसे महापौर देवेन्द्र यादव ने केन्द्र सरकार और राज्य सरकार से बीएलसी योजना में शामिल करने की मांग की। महापौर परिषद से संकल्प पारित कर राज्य सरकार के माध्यम से केन्द्र को भेजा गया। जिसे स्वीकृति प्रदान करते हुए स्वीकृत 3472 आवासों की डीपीआर को निरस्त किया गया। मोर जमीन मोर मकान योजना के अंतर्गत पक्का आवास बनाने की स्वीकृति दी गई।

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़

## भागीदारी में किफायती आवास (एएचपी)

| प्रोजेक्ट का नाम | पूर्ण | निर्माणाधीन |
|---|---|---|
| आम्रपाली वनांचल सिटी | 444 | 380-44 |
| खम्हरिया | 896 | 894 |
| खम्हरिया | 1120 | 1120 |
| खम्हरिया | 476 | 56 |
| खम्हरिया, रिसाली जोरातराई, पुरैना | 1875 | 699 |

## मोर जमीन मोर मकान क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी

कुल आवेदन- **1742**

बैंक से स्वीकृत- **546**

स्वीकृत लोन राशि- **6011.75** लाख

प्राप्त सब्सिडी- **997.53** लाख

**भागीदारी में किफायती आवास (एएचपी)**

लक्ष्य **19000**

स्वीकृत **5478**

एमआईएस में सलंग्न- **3584**

निर्माणाधीन **3356**

पूर्ण आवास **380**

कुल आवंटन **188**







HAMAR BHILAI SUGGHAR BHILAI

## किराए के भवनों से मुक्ति




- वार्ड-1 खम्हरिया- 3.45 लाख
- वार्ड-3 सतनामी मोहल्ला और शिव मंदिर के पास- 12.90 लाख
- वार्ड-5 में भीम नगर, लक्ष्मी मार्केट, राजीव नगर, लक्ष्मी नगर बुद्ध भूमि - 25.80 लाख
- वार्ड-8 कोहका हाउसिंग बोर्ड- 6.45 लाख
- वार्ड-12 कॉन्ट्रैक्टर कॉलोनी में दो स्थानों पर भवन-7.20 लाख
- वार्ड-20 प्रगति नगर कैम्प-1 में 5 स्थानों पर भवन- 45 लाख
- वार्ड-21 सुंदर नगर कैम्प-1 में 3 स्थानों पर भवन निर्माण- 15.06 लाख
- वार्ड-23 संत रविदास नगर कैंप-2 , शारदापारा सहित 3 स्थानों पर भवन निर्माण- 28.84 लाखआंगनबाड़ी भवन निर्माण- किराए के भवनों से मुक्ति


- वार्ड-1 खम्हरिया- 3.45 लाख
- वार्ड-3 सतनामी मोहल्ला और शिव मंदिर के पास- 12.90 लाख
- वार्ड-5 में भीम नगर, लक्ष्मी मार्केट, राजीव नगर, लक्ष्मी नगर बुद्ध भूमि - 25.80 लाख
- वार्ड-8 कोहका हाउसिंग बोर्ड- 6.45 लाख
- वार्ड-12 कॉन्ट्रैक्टर कॉलोनी में दो स्थानों पर भवन-7.20 लाख
- वार्ड-20 प्रगति नगर कैम्प-1 में 5 स्थानों पर भवन- 45 लाख


## गढ़ कलेवा





# सेहत और स्वास्थ्य का खजाना

- सेहत और स्वास्थ्य से जुड़े छत्तीसगढ़ी व्यंजनों को बढ़ावा देने के लिए नेशनल हाइवे के किनारे नेहरू नगर स्थित गॉर्डन में बहुत जल्द गढ़कलेवा की शुरू किया जाएगा। यहां आने वाले लोगों को छत्तीसगढ़ी व्यंजन परोसे जाएंगे। इसके लिए मेयर इन काउंसिल से मंजूरी मिल गई है।
- गढ़ कलेवा के संचालन में महिला स्व सहायता समूहों को प्राथमिकता। भिलाई निगम प्रशासन महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने की दिशा में काम कर रहा है।
- महिला समृद्धि बाजार, साइकिल स्टैंड का ठेका, गोठान का काम, कैंटिन का काम सब महिलाओं को दिया गया है। महिलाएं इसका बेहतर संचालन कर रही हैं।
- भिलाई नगर रेलवे स्टेशन के समीप शहरी गोठान के सामने कैंटिन में महिलाओं ने पारंपरिक व्यंजन बनाती है। जिसे अच्छा खासा रिस्पांस मिल रहा है।

**पारंपरिक व्यंजन**

चीला, फरा, अंगाकर रोटी, ठेठरी, खुरमी सब उपलब्ध रहेगा।

## आप सबके प्यार और दुलार से सेवा के 5 वर्ष आप सभी को सादर समर्पित

पिछले पांच वर्षों में निरंतर हर रोज, हर घंटे **"मिनी भारत"** भिलाई के विकास के लिए और सर्व समाज के हित के लिए पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी से कार्य किया है। मेरे जीवन और कांग्रेस पार्टी के महापौर के रूप में पांच साल के कार्यकाल का हर एक दिन की उपयोगिता सुनिश्चित हो और हर घंटे जनता के लिए कुछ न कुछ कर सकूं। इसी भावना के साथ भिलाई की भलाई के लिए काम किया है। निश्चित रूप से राजनीति में कोई भी पद हमेशा के लिए नहीं होता, इस बात का ध्यान रखकर कार्य किया है कि मुझे जो अवसर मिला है, समय के साथ वह अवसर किसी और को मिलेगा। निश्चित रूप इस अवसर पर मेरी जो मेरी जिम्मेदारी है कि मैं शहर के विकास के लिए ऐसा कार्य करके जाऊं कि जो आने वाले दशकों तक जनता के काम आए और साथ ही भिलाई के युवाओं के मन में स्वच्छ राजनीति के विचार हमेशा के लिए अलख जलती रहे। इन्हीं भावनाओं के साथ निरंतर कार्य किया है।

जनता और नेताओं के बीच की दूरी को खत्म करने का प्रयास किया है। एक बेहतर संवाद महापौर के रूप में भिलाई की जनता से बनाने का प्रयास किया है। शहर के विकास के लिए जो भी कार्य कर पाया हूं, वह शहर के हर नागरिक के आशीर्वाद, सहयोग और भरोसे के कारण कर पाया हूं। आने वाले समय में नगर पालिक निगम का महापौर नहीं रहूंगा, लेकिन आपके बीच में इसी जिम्मेदारी के साथ भिलाई के हित में कांग्रेस पार्टी का झंडा बुलंद कर आपके बीच में काम करता रहूंगा।



आपका, देवेन्द्र यादव, महापौर व विधायक, भिलाई

#BHILAIKIBHALAI

# सबके सहयोग से गढ़े विकास के नए आयाम





शहर के विकास से जुड़े विषयों पर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल से चर्चा करते हुए महापौर।



महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंडिया से शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की।



खुर्सीपार नवीन कॉलेज और इंग्लिश मीडियम स्कूल से जुड़े प्रस्ताव पर छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल से चर्चा करते हुए महापौर।



नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया से महापौर विभिन्न विकास कार्यों के लिए लगातार संपर्क में रहे।



वन मंत्री मोहम्मद अकबर से शहर के विकास से जुड़े प्रस्तावों पर चर्चा की। उन्होंने छात्रावास भवन निर्माण के लिए फंड की स्वीकृति दी।



बीएसपी के कर्मचारियों के हित से जुड़े 8 सूत्री मांग को लेकर महापौर श्री देवेन्द्र यादव ने केन्द्रीय इस्पात मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और सेल चेयरमेन अनिल कुमार चौधरी से बीएसपी के कर्मचारियों के हित, लीज नवीनीकरण के शर्तों में संशोधन, पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सालय सेक्टर-9 को मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए अनुमति, टाउनशिप क्षेत्र में पीएम आवास निर्माण के लिए 10 एकड़ जमीन देने की मांग की।



#BHILAIKIBHALAI


गढ़बो नवा छत्तीसगढ़
मा. भूपेश बघेल जी
मुख्यमंत्री छ. ग. शासन
देवेन्द्र यादव विधायक, महापौर भिलाई
भिलाई की सेवा मेरा कर्तव्य, विकास मेरा लक्ष्य